सीएसआईआर – केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान
पिलानी – 333031 (राजस्थान)

दिनांक: 13.09.2022

सं: प्र.अ./विविध/2022

कार्यालय ज्ञापन

विषय: कॉलोनी परिसर में आवारा कुत्तों के सम्बन्ध में शिकायत के बाबत ।

उपर्युक्त विषय के सन्दर्भ में लेख है कि हमारा संस्थान भारत सरकार/परिषद् मुख्यालय के अधीन एक राष्ट्रीय संस्थान के रूप में कार्यरत है। संस्थान कॉलोनी परिसर के पशुओं/पक्षियों के बचाव एवं उनकी सुरक्षा हेतु भी कटिबद्ध है।

कुछ कॉलोनीवासी कुत्तों के सम्बन्ध में शिकायत सीधे उच्चाधिकारियों को भेजते हैं जबकि संस्थान में पहले से ही इस विषय में श्री अजीत कुमार धाकड़, प्रधान वैज्ञानिक की अध्यक्षता में निदेशक महोदय द्वारा एक समिति का गठन किया हुआ है। अत: शिकायतकर्ता से अनुरोध है कि वे अपनी शिकायत तुरन्त समिति के अध्यक्ष श्री अजीत कुमार धाकड़ (कार्यालय दूरभाष नम्बर-2519 व मोबाइल नम्बर-9309065755) को करें ताकि मामले में यथाशीघ्र कार्रवाई की जा सके।

जय शंकर 13/09/2022

(जय शंकर शरण)
प्रशासन नियन्त्रक

प्रतिलिपि:

1. निदेशक के निजी सचिव
2. श्री अजीत कुमार धाकड़, प्रधान वैज्ञानिक- इस अनुरोध के साथ कि यदि कोई शिकायत प्राप्त होती है तों यथाशीघ्र मामले में उचित कार्रवाई करें।
3. प्रशासन नियंत्रक/प्रशासनिक अधिकारी के निजी सचिव
4. समस्त सूचना पट्ट
5. प्रभारी एनएमसी- कृपया इस कार्यालय ज्ञापन को संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड करें।